प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

निदेशक / प्रधानाचार्य,
(संलग्न सूची के अनुसार) निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/परिषद/2025/ 10309 लखनऊः दिनांक: 17/01/2025

**विषयः** शैक्षिक सत्र 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु **त्रुटिपूर्ण** आवेदन करने वाली संस्थाओं के **त्रुटिपूर्ण पाठ्यक्रम से सम्बंधित** मास्टर डाटा लॉक /अग्रसारित कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक पिछड़ा वर्ग कल्याण अनुभाग-2. उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश सं० आई-853265/ 2025/64-2010(099)/1/2024, दिनांक : 16.01.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से वित्तीय वर्ष / शैक्षिक सत्र 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) दशमोत्तर कक्षाओं में (कक्षा 11-12 को छोड़कर) अध्ययनरत् उत्तर प्रदेश के मूल निवासी अन्य पिछडे वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) व अन्य कार्यों हेतु योजनान्तर्गत आनलाइन आवेदन से लेकर वितरण हेतु संशोधित (तृतीय चरण) समय सारिणी निर्गत की गई है ।

छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर आज दिनांक 17.01.2025 को प्रदर्शित संस्थाओं **(सूची संलग्न)** द्वारा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर भरे गए विवरण एवं उसमें संलग्न किये गये अभिलेखों / परिषदीय अभिलेखों में भिन्ता प्रदर्शित हो रही है, जिस कारणवश परिषद कार्यालय द्वारा उक्त संस्थाओं का **त्रुटिपूर्ण पाठ्यक्रम** से सम्बंधित मास्टर डाटा लॉक /अग्रसारित किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है।

अतः उपरोक्त संस्थाओं के प्रधानाचार्य/निदेशक को निर्देशित किया जाता है वह अपनी संस्था के छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति संबंधी समस्त अभिलेखों (यथा समस्त वर्षों के सम्बद्धता विस्तार / सम्बद्धता पत्र, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति संबंधी पोर्टल पर संस्था द्वारा लॉक किये गये मास्टर डाटा की छायाप्रति जिसमें संस्था का नाम स्पष्ट रूप से अंकित हो ,आदि) के साथ **दिनांकः 20.01.2025 की अपराह्न 02:00 बजे** तक परिषद कार्यालय में प्रत्येक दशा में उपस्थित होकर अपनी संस्था के मास्टर डाटा लॉक / अग्रसारित कराना सुनिश्चित करें। यदि नियत दिनांक एवं समय तक आप द्वारा परिषद कार्यालय में उपस्थित होकर उपरोक्त कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती है तो, आपके संस्था का मास्टर डाटा परिषद कार्यालय द्वारा अग्रसारित नहीं किया जा सकेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था निदेशक / प्रधानाचार्य का होगा।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

17/01/25

(मानेन्द्र कुमार कनौजिया)
उपसचिव/ कृते सचिव

पृ. सं० : प्राशिप/परिषद/2025/ 10310-12 तददिनांकः 17/01/2025

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. उपसचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग- 3, उत्तर प्रदेश शासन।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ० प्र० लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त पत्र परिषद कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

17/01/25

(मानेन्द्र कुमार कनौजिया)
उपसचिव/ कृते सचिव

| SR. NO. | REMAINING COLLEGES ON SCHOLARSHIP PORTAL SESSION 2024-25 | PENDING COURSES & REASON |
|---|---|---|
| 1 | AMBIKA RAM DEVI COLLEGE OF PHARMACY, BASTI | Extra - PG Diploma |
| 2 | ANJANA INSTITUTE OF TECHNICAL EDUCATION SAKRAULI RANIGANJ | DIP. ELEMENTARY EDUCATION |
| 3 | B M S COLLEGE OF PHARMACY NASARATPUR | AISHE Code not verified. |
| 4 | BABA BAIJNATH COLLEGE OF PHARMACY | Extra - PG Diploma |
| 5 | BABU BANARSI DAS INSTITUTE OF ENGINEERING TECHNOLOGY & RESEARCH CENTRE, JAGANGIRABAD BULANDSHAHAR | B.Tech |
| 6 | BHAVDIYA MEDICAL COLLEGE AND INSTITUTE OF NURSING AYODHYA | DIP. GENERAL NURSING & MIDWIFERY |
| 7 | C M INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCES GORAKHPUR | HOMEOPATHIC PHARMACY |
| 8 | CHANDPUR PHARMACY COLLEGE | B.PHARMA |
| 9 | DEV INDRAWATI INSTITUTE OF POLYTECHHINC | Extra - Polytechnic Diploma |
| 10 | DHANIRAM YADAV AYURVEDIK DIPLOMA PHARMESIST COLLEGE BEERBHANPUR JAUNPUR | Ayurvedic |
| 11 | DNS COLLEGE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY, J P NAGAR | Extra - Mech(Prod), Electrical, Electronics |
| 12 | DOON COLLEGE OF EDUCATION (PHARMACY) ,SUNDERPUR ,SAHARANPUR | B.PHARMA |
| 13 | DR. M.C.SAXENA COLLEGE OF PHARMACY,LUCKNOW | M.PHARM |
| 14 | GANDHI INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY | Extra - PGDJM, MECH (PROD) |
| 15 | GAUTAM BUDDHA COLLEGE OF PHARMACY SAHIYAPUR KANNAUJ | AISHE Code not verified. |
| 16 | GOKARAN NIRDESWAR INSTITUTE OF MANAGEMENT DEWAROAD TINDOLA | Extra - MECH (PROD) |
| 17 | GOVERNMENT POLYTECHNIC SALON | Duplicate |
| 18 | GYAN BHARTI COLLEGE OF PHARMACY | AISHE Code not verified. |
| 19 | IMS COLLEGE OF POLYTECHNIC | Extra - Automobile Engineering |
| 20 | INDIAN INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES RAUJAGAON | NO RECORD FOUND |
| 21 | J B S INSTITUTE OF PHARMACY BANDI KA PURWA BARABANKI | HOMEOPATHIC PHARMACY |
| 22 | J B S INSTITUTE OF PHARMACY JALPAPUR BARABANKI | HOMEOPATHIC PHARMACY |
| 23 | JASWANT SINGH BHADAURIYA INSTITUTE OF TECHNOLOGY,BLOCK GOWARDHAN,MATHURA | Extra - PGDIT |
| 24 | KASHI INSTITUTE OF TECHNOLOGY,VARANASI | MECH ENGG - 1st year freeze remaining years zero filled by institute |
| 25 | LAKHMI CHAND PATWARI COLLEGE OF PHARMACY | B.PHARMA |
| 26 | LAKSHYA TECHNICAL CAMPUS ADAMPUR SHAHJAHANPUR | Mech Engg not filled, Extra - Mech(Prod), Elect(IC), Polytechnic Diploma |
| 27 | Ma Maturani Devi Mahavidyalaya Pharmacy College Chandadih Ballia | B.PHARMA |
| 28 | maa sharda institute of technology | Extra - Elect(IC), Elect & Electronics |
| 29 | MASCOT COLLEGE OF PHARMACY | AISHE Code not verified. |
| 30 | MESCO INSTITUTE OF PHARMACY | B.PHARMA |
| 31 | P.K. POLYTECHNIC , MISHRI, SAUNAI, MAAT, MATHURA | Extra - Computer Engg (Computer Science already Locked) |
| 32 | PRINCE INSTITUTE OF INNOVETIVE TECHNOLOGY,GREATER NOIDA | Extra - Electronics (EC already Locked) |
| 33 | Rajendar Singh College of Pharmacy Hardoi | B.PHARMA |
| 34 | RAVI COLLEGE OF PHARMACY BLOCK D NEAR EPIP CENTER SHASTRIPURAM AGRA UP | AISHE Code not verified. |
| 35 | S.V.M. TECHNICAL INSTITUTE LALGANJ PBH | Extra - PG Diploma |
| 36 | SAI BABA COLLEGE OF PHARMACY ISHAPUR AYODHYA | B.PHARMA |
| 37 | SAROJ INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT,LUCKNOW - 226002 | Extra - Electronics & Mech(Prod) |
| 38 | SHANTI NIKETAN GROUP OF INSTITUTIONS, MEERUT,MOHIUDDINPUR - 201205 | Extra - Mech(Prod) |
| 39 | SHIVDAN SINGH INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT,ALIGARH-202001 | Extra - Mech(Prod) |
| 40 | Shri kashi chandradev yadav pharmacy college hazipur bamhour azamgarh | B.PHARMA |
| 41 | SHRI VISHWANATH COLLEGE OF POLYTECHNIC KALAN SULTANPUR | Extra - Polytechnic Diploma |
| 42 | SRI SAI R R INSTITUTE OF PHARMACY SARSOL ALIGARH | B.PHARMA |
| 43 | SRI SURESH CHANDRA EDUCATIONAL INSTITUTE BHITI HANDIA ALLAHABAD UP | B.PHARMA |
| 44 | SUKHDEV SINGH MAHAVIDYALAYA AND PHARMACY MAHRAUDA SAHSON PRYAGARAJ | AISHE Code not verified. |
| 45 | Tulsa Devi Institute of Pharmacy and Sciences Sanethu Pura Bazar Ayodhya | NO RECORD FOUND |
| 46 | VISHVESHWARYA INSTITUTE OF POLYTECHNIC | MBA |

संख्या-आई/853265/2025/64-2010(099)/1/2024

प्रेषक,

संजय कुमार दुबे,

संयुक्त सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक

पिछड़ा वर्ग कल्याण

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पिछड़ा वर्ग कल्याण अनुभाग-2 लखनऊः दिनांकः 16-01-2025

**विषयः वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत (अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु) तृतीय चरण की समय-सारिणी निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदया,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2770/पि0व0क0/2024-25, दिनांक 13 जनवरी, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत (अन्य दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत छात्रों के लिए) आनलाइन आवेदन से लेकर वितरण हेतु तृतीय चरण की समय-सारणी निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2024-25 में दशमोत्तर (कक्षा 11-12) एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्रदेश के अन्दर संचालित शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने तथा छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन से लेकर वितरण तक की कार्यवाही हेतु प्रथम चरण की समय-सारिणी शासनादेश संख्या- आई/721524/2024/64-2010(099)/1/2024 दिनांक 02-09-2024 एवं शासनादेश संख्या-आई/789070/2024/64-2010(099)/1/2024 दिनांक 07-11-2024 द्वारा द्वितीय चरण की समय-सारणी निर्गत की जा चुकी है।

3- अतः आपके पत्र दिनांक 13 जनवरी, 2025 के क्रम में सम्यक विचारोपरान्त वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत (अन्य दशमोत्तर कक्षाओं) हेतु तृतीय चरण की समय-सारिणी निर्गत की जा रही है :-

**वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत (अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु) संशोधित (तृतीय चरण)**

**समय-सारिणी**

| **क्र0सं0** | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | **द्वितीय चरण की समयावधि** | **प्रस्तावित संशोधित समयावधि** |
|---|---|---|---|
| 1 | मास्टर डाटा सत्यापित तथा लॉक करने की कार्यवाही शैक्षणिक संस्थानों द्वारा छात्रवृत्ति मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण करनाः- **(शैक्षणिक संस्थान/जिला विद्यालय निरीक्षक/एफिलिएटिंग एजेन्सी/ विश्वविद्यलय स्तर)** | 31 दिसम्बर, 2024 तक। | 20 जनवरी, 2025 तक। |
| 2 | **विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी/जिला विद्यालय निरीक्षक** | 05 जनवरी, | 22 जनवरी, |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **द्वारा फीस आदि का सत्यापनः-**<br>• प्रदेश के अन्दर सम्बन्धित विश्वविद्यालय/ एफिलिएटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी द्वारा शिक्षण संस्थान की मान्यता, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस आदि को आनलाइन पोर्टल पर अंकित एवं सत्यापित कर डिजिटल हस्ताक्षर से आनलाइन लॉक किया जाना।<br>**(शैक्षणिंक संस्थान/ जिला विद्यालय निरीक्षक/एफिलिएटिंग एजेन्सी/ विश्वविद्यालय स्तर)** | 2025 तक। | 2025 तक। |
| 3 | **जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा मास्टर डाटा तथा फीस आदि का सत्यापनः-**<br>• प्रदेश के अन्दर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल पर शिक्षण संस्था, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस आदि को अंकित एवं सत्यापित कर डिजिटल हस्ताक्षर से आनलाइन लॉक किया जाना। किसी पाठ्यक्रम की निर्धारित शुल्क की भिन्नता की स्थिति में जिला छात्रवृत्ति स्वीकृत समिति की बैठक में अनुमोदनोपरान्त मास्टर फीस पोर्टल पर लॉक की जायेगी।<br>**(पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी स्तर)**<br>**नोट-शिक्षण संस्थानों का मास्टर डाटा समस्त स्तर से सत्यापित एवं लॉक होने के उपरान्त ही संस्था आवेदन करने वाले छात्रों का आवेदन अग्रसारित कर सकेगी।** | 10 जनवरी, 2025 तक। | 25 जनवरी, 2025 तक। |
| 4 | **छात्र द्वारा आनलाइन आवेदन की प्रक्रियाः-**<br>• वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु छात्रों द्वारा पूर्वदशम छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत आनलाइन आवेदन की समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर फाइनल सबमिट आवेदन पत्र का प्रिन्टआउट निकाल कर समस्त अभिलेखों सहित उसकी हार्डकॉपी शिक्षण संस्था स्तर पर जमा कराया जाना। **संशोधित समय-सारिणी अन्तर्गत केवल शुद्ध आवेदन ही स्वीकार्य होंगे, अशुद्ध/त्रुटिपूर्ण आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। (छात्र स्तर)** | अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु 21 नवम्बर, 2024 से 15 जनवरी, 2025 तक। | अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु 30 जनवरी, 2025 तक। |
| 5 | **शिक्षण संस्थान स्तर से छात्रवृत्ति आवेदन पत्र को सत्यापित एवं अग्रसारित किया जानाः-**<br>• संस्था में अध्ययनरत तथा छात्रवृत्ति पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करने वाले छात्रों द्वारा आवेदन में अंकित समस्त तथ्यों का अभिलेखीय सत्यापन करते हुए, निर्धारित उपस्थिति मानक पूर्ण करने वाले पात्र छात्रों का आवेदन सत्यापित कर अग्रसारित किया जाना तथा अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त किया जाना।<br>(शिक्षण संस्थान स्तर) | 18 जनवरी, 2025 तक। | 03 फरवरी, 2025 तक। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • छात्र के आवेदन के उपरान्त राज्य एन0आई0सी0 द्वारा छात्र के आधार सीडेड बैंक खातों के विवरण को पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर अपलोड करते हुए बेनीफिशियरी का रिस्पॉस प्राप्त किया जाना। **(राज्य एन0आई0सी0 स्तर)** | | |
| 6 | **विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी द्वारा रिजल्ट अपलोड किया जाना तथा सम्बन्धित शिक्षण संस्थानों द्वारा पाठ्यक्रमवार अनुमोदित सीटों के सापेक्ष सम्बन्धित शिक्षण संस्थान द्वारा अग्रसारित छात्र संख्या को सत्यापित कर लॉक करेंगे।** | 18 जनवरी, 2025 तक। | 03 फरवरी, 2025 तक। |
| 7 | राज्य एन**0**आई**0**सी**0** द्वारा स्कू्रटनी किया जानाः-<br>• पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल से सत्यापनोपरान्त प्राप्त छात्रवृत्ति आवेदन के डाटा को विभाग द्वारा प्रदान कराये गये बिन्दुओं के आधार पर परीक्षण करते हुए शुद्ध तथा संदेहास्पद डाटा को अलग किया जाना तथा शुद्ध डाटा को सत्यापन हेतु जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के लॉगिन पर उपलब्ध कराया जाना। **(राज्य एन0आई0सी0 स्तर)** | 23 जनवरी, 2025 तक। | 10 फरवरी, 2025 तक। |
| 8 | **जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृत समिति द्वारा सत्यापनोपरान्त** डाटा लॉक कराया जानाः-<br>• जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा राज्य एन0आई0सी0 द्वारा पोर्टल पर उपलब्ध कराये गये शुद्ध तथा संदेहास्पद डाटा का परीक्षण करते हुए जिला छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति के अनुमोदनोपरान्त पात्र छात्रों का आवेदन सत्यापित कर अग्रसारित किया जाना तथा अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त किया जाना।<br>**(जिला छात्रवृत्ति स्वीकृत समिति स्तर)** | 18 फरवरी, 2025 तक। | 18 फरवरी, 2025 तक। |
| 9 | राज्य एन**0**आई**0**सी**0** स्तर से मांग सृजन किया जानाः-<br>• जनपद स्तरीय समिति तथा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी स्तर से सत्यापित तथा लॉक डाटा के आधार पर राज्य एन0आई0सी0 द्वारा निदेशालय की लॉगिन/पोर्टल पर मांग उपलब्ध कराया जाना। **(राज्य एन0आई0सी0 स्तर)** | 21 फरवरी, 2025 तक। | 21 फरवरी, 2025 तक। |
| 10 | **निदेशालय स्तर से धनराशि** का अन्तरणः-<br>• जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारियों के डिजिटल सिग्रेचर से लॉक डाटा के आधार पर पी0एफ0एम0एस0 प्रणाली के माध्यम से छात्र/छात्राओं के आधार सीडेड/ एन0पी0सी0आई0 से मैप्ड बैंक खातों में धनराशि अन्तरित किया जाना। **(निदेशालय स्तर)** | 25 फरवरी, 2025 तक। | 25 फरवरी, 2025 तक। |

4- वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु शासनादेश संख्या-आई/721524/2024/64-2010(099)/1/2024 दिनांक 02-09-2024 एवं शासनादेश संख्या-आई/ 789070/2024/64-2010(099)/1/2024 दिनांक

07-11-2024 द्वारा निर्गत निर्देश/शर्तें यथावत रहेंगी।

5- उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त समय-सारिणी का अपने स्तर से प्रचार-प्रसार कराते हुये सुसंगत शासनादेशों/छात्रवृत्ति नियमावलियों में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार शैक्षिक सत्र 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत (अन्य दशमोत्तर कक्षाओं) में अध्ययनरत छात्रों हेतु छात्रवृत्ति योजना में आनलाइन आवेदन से लेकर वितरण का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
Signed by
( संजय कुमार दुबे )
संयुक्त सचिव
Sanjay Kumar Dubey

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

Date: 16-01-2025 17:43:17

1- महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव, समाज कल्याण/ अल्पसंख्यक कल्याण/ वित्त/नियोजन/ मा0शिक्षा/उच्च शिक्षा/तकनीकी शिक्षा/व्यवसायिक शिक्षा/चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन
3- समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0 (द्वारा निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण)।
4- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।
6- निदेशक, समाज कल्याण/अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
7- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
8- निदेशक, एन0आई0सी0 राज्य इकाई, योजना भवन, लखनऊ।
9- समस्त पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, उ0प्र0 (द्वारा निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण)।
10- प्रबंध निदेशक, श्रीट्रान इंडिया लिमिटेड, लखनऊ।
11- गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,

(संजय कुमार दुबे)
संयुक्त सचिव।